## सार समाचार

### कलेक्टर ने अधिकारियों के मध्य किया कार्य विभाजन

**रायसेन।** प्रदेश में विधानसभाओं के चुनाव के मददे नजर जिले के कलेक्टर अरविन्द्र दुवे के द्वारा अधिकारियों के मध्य कार्य विभाजन करते हुए कसावट लाने के प्रयास किए गए है जिसके अर्न्तगत रायसेन एस डीएम एल के खरे को नई पदस्थापना करते हुए कलेक्ट्रेट कार्यालय में संलग्न किया गया है और उनके स्थान पर डिप्टी कलेक्टर मुकेष कुमार सिंह को एस डी एम का कार्य सौपा गया है वही एल के खरे संयुक्त कलेक्टर वर्तमान में पदस्थ अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय रायसेन में कार्य सौपे गए है एल के खरे अब विभिन्न षाखाओं के दायित्वों को सभालेगे। वही एस डी एम के कार्य विभाजन के बाद रायसेन में तहसील दारों के बीच भी कार्य विभाजन किया गया है यह प्रषासनिक फेर बदल करने के उपरान्त जिले के कलेक्टर अरविन्द दुवे के द्वारा अपनी कुशल कार्यशैली का परिचय का उदाहरण पैश किया गया है।

### उल्लंघन करने वालों पर की कार्रवाई

**गंजबासौदा।** नगर पालिका सीएमओ निशांत सिंह ठाकुर ने नपा अमले के साथ सड़क के दोनों ओर डलवाई गई सीमा रेखा के बाहर सामान रखने वाले दुकानदारों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। इस मौके पर सड़क पर हाथ ठेला लगाने वाले सब्जी विक्रेताओं को समझाइश देकर नियत स्थान पर ही अपना व्यवसाय कराए जाने के निर्देश दिए गए। अब यह कार्रवाई प्रतिदिन इसी तरह जारी रहेगी। ताकि ट्राफिकजाम, दुर्घटना से बचा जा सके और यातायात व्यवस्था में गड़बड़ी न हो।

### जनसेवा अभियान 2.0 के सफल क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**गंजबासौदा।** अनुविभागीय अधिकारी विजय राय ने शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालयों के प्राचार्यो को आवश्यक निर्देश दिए कि विद्यालय में अध्ययनरत 16 वर्ष से अधिक छात्राओ /महिलाओं के लर्निंग लाइसेंस परिवहन विभाग द्वारा विशेष कैंप लगाकर निशुल्क बनाए जा रहे हैं ,साथ ही विद्यालय के अन्य विद्यार्थियों के भी लर्निंग लाइसेंस निर्धारित शुल्क 450/- लेकर बनाए जा रहे हैं जिसमें निम्न दस्तावेज आवश्यक है 10 वीं की अंकसूची/ जन्म प्रमाण पत्र /पैन कार्ड /राशन कार्ड तथा पासपोर्ट साइज के दो घंछायाचित्र लेकर संबंधित विद्यालयों में पहुंचकर अपने अपने लर्निंग लाइसेंस बनवाए जा सकते हैं प्रत्येक महाविद्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटरों की ड्यूटी उक्त जनसेवा के लिए लगाई गई है।

# देवीलोक महोत्सव में प्रतिभागियों के चयन एवं कार्यक्रमों के आयोजन को लेकर कलेक्टर ने निर्देश दिए

### लाडली बहना योजना के तहत 25 मई तक शेष महिलाओं के डीबीटी एक्टिवेट कराने के निर्देश

**सीहोर।**



**जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर प्रवीण सिंह ने कहा कि देवीधाम सलकनपुर में 29 मई से 31 मई तक तीन दिवसीय देवीलोक महोत्सव मनाया जाएगा। इस महोत्सव में तीन दिन तक अनेक सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रम तथा विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।**

कलेक्टर श्री सिंह ने इन प्रतियोगिताओं के सुचारू एवं सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारियों को प्रतिभागियों के चयन से लेकर कार्यक्रमों के आयोजन के संबंध में सभी अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के अनुरूप पर्याप्त संख्या में प्रतिभागियों का पंजीयन तथा समय पूर्व आयोजित होने वाली प्रतियोगिताओं के लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करें। इसके साथ ही उन्होंने सीएम हेल्पलाइन, समाधान ऑनलाइन, सीएम मॉनिट, लंबित आवेदनों तथा मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने सीएम हेल्पलाइन तथा लंबित पत्रों की विभागवार समीक्षा करते हुए जनसेवा अभियान के द्वितीय चरण के तहत सर्वोच्च प्राथमिकता से आवेदन पत्रों का निराकरण करने तथा पात्र लोगो को सेवाएं प्रदान करने और उनकी समस्याओं का पूरी गंभीरता से निराकरण करने के सभी विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनसेवा अभियान के दौरान कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित करें और हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कराना सुनिश्चित करें। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि लाडली बहना योजना की हितग्राही महिलाओं के खातों में 10 जून से राशि डालना शुरू की जाएगी। उन्होंने लाडली बहना योजना के तहत जिले की महिलाओं के पंजीयन के अनुसार शेष रह गई महिलाओं के बैंक खातों को 25 मई तक डीबीटी एक्टिवेट कराने के सभी जनपद सीईओ, सीएमओ तथा सीडीपीओ को निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिंह ने स्वच्छता सर्वेक्षण-2023 के तहत जिले की समस्त नगरीय निकायों में स्वच्छ सर्वेक्षण-2023 तथा जीएफसी स्टार रेटिंग के सर्वेक्षण के पूर्व जमीनी सत्यापन के लिए निकायवार गठित दलों द्वारा किए जा रहे सत्यापन कार्य की समीक्षा की।

इस दौरान उन्होंने अधिकारियों से सत्यापन उपरांत प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा दलों के सुझावों पर अमल करने के सभी सीएमओं को निर्देश दिए। ताकि स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया जा सकें। बैठक में जिला पंचायत सीईओ आशीष तिवारी, अपर कलेक्टर ब्रजेश सक्सेना, संयुक्त कलेक्टर सतीश राय, वंदना राजपूत, एसडीएम अमन मिश्रा, आनन्द सिंह राजावत तथा विष्णु यादव सहित सभी जिला अधिकारी उपस्थित थे।

**मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना:** कलेक्टर श्री सिंह ने मुख्यमंत्री सीखो-कमाओं योजना के तहत अधिक से अधिक युवाओं का पोर्टल पर पंजीयन कराने के निर्देश दिए।

## पचामा की आयशा इंडस्ट्रीज हादसे के आरोपी को दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना

### खतरनाक रसायन का श्रमिकों से कराया जा रहा था काम

**सीहोर।**

**पचामा इंडस्ट्रीयल एरिया में स्थित आयशा इंडस्ट्रीज में आगजनी के बाद विस्फोट के मामले में प्रधान सत्र न्यायाधीश अमिताभ मिश्र ने आरोपी कमर गौरी को दोषी पाते हुए रेखा बाई और गफ्फार खां की मौत के संबंध में भी दो साल के कठोर कारावास और एक लाख रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है।**

लोक अभियोजक और शासकीय अभिभाषक शरद जोशी ने बताया कि आयशा इण्डस्ट्री में 23 मई 2022 को सुबह करीब 9 बजे राकेश परमार द्वारा पुलिस को सूचना दी गई कि उसे घर पर विस्फोट की आवाज सुनाई दी। बाहर निकल कर देखा तो आयशा इंडस्ट्रीज फैक्ट्री में आग लगी दिखी।

फैक्ट्री के अंदर रेखाबाई और गफ्फार खां थे, जो आग लगने के कारण बाहर नहीं निकल पाये और फैक्ट्री के अंदर ही उनकी मौत हो गई। इस सूचना पर मर्ग कायम किया गया और जांच में यह पाया गया कि आयशा इंडस्ट्रीज फैक्ट्री के प्रबंधक अल अशरफ गौरी और कारखाना अधिभोगी कमर गौरी ने कारखाने में निर्माण के दौरान सुरक्षा उपायों की अनदेखी करते हुए कारखाने में अत्यन्त खतरनाक रसायन का श्रमिकों से उपयोग कराया जा रहा था। ऐसी असुरक्षात्मक परिस्थितियों में कभी कोई गंभीर दुर्घटना हो सकती थी, जिसमें श्रमिकों की मौत होना संभव है। कोतवाली पुलिस ने अल अशरफ गौरी और कमर गौरी के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर सीजेएम न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया।

प्रधान सत्र न्यायाधीश ने आरोपी अल अशरफ गौरी को दोषमुक्त किया और कमर गौरी को दोषी ठहराते हुए रेखाबाई की मौत के संबंध में दो साल के कठोर कारावास और एक लाख रूपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

## माँ वैत्रवती गंगा की 101वीं महागंगा आरती आज

**विदिशा (निप्र)।**

जिला माँ वैत्रवती गंगा मंगल आरती सेवा समिति के तत्वावधान में माँ बेतवाजी को साफ-स्वच्छ, सुंदर, बारहमासी-सदानीरा बनाए रखने शासन-प्रशासन ओर जनमानस को जागृत करने के उद्देश्य से एक-एक दिन की गणना के साथ की जा रही माँ वैत्रवती गंगा की नित्य गंगा आरती के 5051 दिन पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हर पचास दिन बाद की जाने वाली महागंगा आरतियों की श्रृंखला में आज 20 मई शनिवार को बडबाला घाट विदिशा पर गोधुली बेला में सांयकाल 6 बजे माँ वैत्रवती गंगा की 101वीं महागंगा आरती की जाएगी। इस अवसर पर समिति की एक बैठक भी आयोजित की गई है, जिसमें गंगा दषहरा पर निषुल्क सामूहिक विवाह के आयोजन हेतु विचार-विमर्ष किया जाएगा। समिति के संयोजक मानसेवी बेतवा पुत्र भजन गायक पंडित मनीष चतुर्वेदी, समिति के संरक्षक लक्ष्मी नारायण दण्डोतिया, सांसद प्रतिनिधि द्वय राकेश शर्मा तथा कैलाश रघुवंशी, मनोज कटारे, लखनप्रसाद शास्त्री, बृजमोहन नेमा, मनमोहन बंसल, अमित रिछारिया, रविकान्त शर्मा बाला भैया, भूपेंद्र रघुवंशी समिति के संचालक चरणसिंह लोधी, समिति सदस्य मुन्नालाल रघुवंशी, संजीव शर्मा, रामजी रावत, बैजनाथ प्रसाद विलगैंया, श्रीमती गीता गोड़, दातारसिंह रघुवंशी, राजू झा, राधेश्याम चौहान आदि ने सभी से अधिक से अधिक संख्या में महागंगा आरती में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## चीलर नदी एक दिवसीय सफाई महाअभियान 3 जून को

**शाजापुर ।** कलेक्टर श्री किशोर कन्याल ने शाजापुर नगर के मध्य से निकली चीलर नदी के जनसहयोग से एक दिवसीय सफाई महाअभियान के लिए 03 जून 2023 की तिथि निर्धारित की है। इस महाअभियान के सफल संचालन के लिए नदी के प्रस्तावित स्थल, क्षेत्र का निरीक्षण, सफाई कार्य की योजना, सफाइ के उपयोग में ली जाने वाली मशीनरी का संचालन, डंपिंग साईट का चयन, जनप्रतिनिधिगणों एवं आमजन से सहयोग प्राप्त करने के लिए संचालन दल का गठन किया है। इस दल का प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री संतोष टैगोर को बनाया गया है। दल में अनुविभागीय अधिकारी श्री नरेन्द्र नाथ पाण्डेय, डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ श्री महेन्द्र प्रताप सिंह किरार, तहसीलदार शाजापुर श्रीमती मधु नायक, कार्यपालन यंत्री जलसंसाधन श्री टीके परमार, कार्यपालन यंत्री पीडब्ल्यूडी श्री रविन्द्र कुमार वर्मा, पीएचई कार्यपाल यंत्री श्री विजय सिंह चौहान, कार्यपालन यंत्री आरईएस श्री शैलेन्द्र शर्मा, विद्युत वितरण कंपनी कार्यपालन यंत्री श्री संदीप बायरे, उपसंचालक कृषि श्री केएस यादव, सहायक यंत्री नगरपालिका श्री सुरेन्द्र सोजतिया तथा जन अभियान परिषद समन्वयक श्री विष्णु प्रसाद नागर को सदस्य के रूप में रखा गया है।

## आज से पाराशरी नदी का गहरीकरण और सौंदर्यीकरण प्रारंभ होगा

**गंजबासौदा।**



**पाराशरी नदी के गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण का काम अब प्रारंभ होने की तमाम तैयारियां की जा चुकी हैं । शुक्रवार के दिन नदी में एक पोकलेन, दो जेसीबी मशीन और ट्रैक्टर ट्रॉलियों की मदद से नदी में जमी मिट्टी के ढेर को नदी से दूर करवाया गया।**

शनिवार के दिन इस काम की शुरुआत पूजन अर्चन पश्चात तेजी से हो जाएगी कार्यक्रम प्रात: 8:00 पाराशरी नदी पर रखा गया है। जिसमें नगर पालिका प्रशासन ने जागरूक और रुचि रखने वाले नागरिकों को आमंत्रित किया है।

पिछले दिनों एसडीएम विजय राय ने पाराशरी नदी का निरीक्षण करते हुए इसका सौंदर्यीकरण और गहरीकरण कराए जाने के निर्देश नपा सीएमओ निशांत सिंह ठाकुर को को दिए थे। जिसके बाद नपा प्रशासन सक्रीयता से इस कार्य में जुट गया है और शनिवार से इसका शुभारंभ कर दिया जाएगा।

शुक्रवार के दिन एसडीएम विजय राय, नपा सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, नपा सीएमओ निशांत सिंह ठाकुर, तहसीलदार मनीष जायसवाल, सुरेंद्र दांगी, विजय अग्रवाल, प्रमोद राजपूत सहित नपाकर्मियों ने पाराशरी नदी पहुंचकर वहां कराए जाने वाले गहरीकरण कार्य की योजना बनाई। वही पाराशरी नदी में एकत्रित मिट्टी के ढेर को पोकलेन और जेसीबी मशीन की मदद से ट्रैक्टर ट्राली में भरवाकर दूर डलवाया गया। । समझा जाता है कि इस पुनीत कार्य को सभी सामाजिक संस्थाएं स्वयंसेवी संस्थाएं और जागरूक नागरिकों का भरपूर सहयोग मिलेगा।

## एमपी पीएससी की प्रारंभिक परीक्षा 21 को, पांच परीक्षा केन्द्रों पर 2559 परीक्षार्थी शामिल होंगे

**विदिशा ( निप्र )।** मध्यप्रदेश राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा रविवार 21 मई को आयोजित की गई है। उपरोक्त परीक्षा के लिए नियुक्त प्रभारी व डिप्टी कलेक्टर श्रीमती अनुभा जैन ने बताया कि जिले में यह परीक्षा 5 केन्द्रो पर आयोजित की गई है, जिसमें इन केन्द्रो पर 2559 परीक्षार्थी शामिल होंगे। प्रथम सत्र में परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में प्रात: 9.30 बजे से प्रवेश की अनुमति होगी। परीक्षार्थियों के कक्ष में प्रवेश पश्चात् प्रात: 9.55 बजे से 10 बजे तक का समय ओएमआर के वितरण तथा प्रविष्टियों संबंधी कार्य पूर्ण हो जाएगा। वास्तविक परीक्षा समय प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक का रहेगा।

द्वितीय सत्र में परीक्षार्थियों को परीक्षा कक्ष में दोपहर 1.45 बजे प्रवेश की अनुमति होगी। कक्ष में प्रवेश पश्चात् दोपहर दो बजे से दोपहर 2.15 बजे तक का समय ओएमआर के वितरण व प्रविष्टि के लिए होगा जबकि वास्तविक परीक्षा का समय दोपहर 2.15 बजे से सायं 4.15 बजे तक का नियत किया गया है। प्रत्येक परीक्षा केन्द्र के लिए केन्द्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक तथा परीक्षा केन्द्र प्रभारी जो सामग्री लाने ले जाने हेतु नियुक्त है, सहित कार्यपालिक मजिस्ट्रेट तैनाती के आदेश जारी हो गए है। परीक्षा केन्द्र क्रमांक 33/1 शासकीय कन्या (नोडल) कॉलेज सांची रोड केन्द्र पर आयोजित परीक्षा केन्द्र में 400 परीक्षार्थी शामिल होंगे। इसी प्रकार परीक्षा केन्द्र क्रमांक 33/2 शासकीय उत्कृष्ट हायर सेकेण्डरी स्कूल सांची रोड विदिशा में 600 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा केन्द्र क्रमांक 33/3 शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल डंडापुरा बडा बाजार केन्द्र पर 500 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केन्द्र क्रमांक 33/4 सम्राट अशोक टेक्नालाजिकल इंस्टीटयूट पॉलिटेक्निक कॉलेज में 600 परीक्षार्थी शामिल होंगे जबकि परीक्षा केन्द्र क्रमांक 33/5 सम्राट अशोक टेक्नालाजिकल इंस्टीटयूट इंजीनियरिंग कॉलेज विदिशा के परीक्षा केन्द्र में 459 परीक्षार्थी परीक्षा दे सकेंगे।

## रुद्राक्ष लेने श्रद्धालुओं की अंगुली पर लगाई जा रही वोटिंग जैसी स्याही

**सीहोर।** जिले के कुबरेश्वर धाम में रुद्राक्ष वितरण किया जा रहा है। इस आयोजन में 40 डिग्री सेल्सियस तापमान में भी बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ी है। रुद्राक्ष वितरण गुरुवार से शुरू किया गया था। शुक्रवार शाम तक करीब तीन हजार से अधिक लोगों को रुद्राक्ष बांटे जा चुके हैं। कुबरेश्वर धाम में मिलने वाले रुद्राक्ष का काफी महत्व माना जाता है। यही कारण है कि जब-जब रुद्राक्ष वितरण शुरू होता है, हजारों की संख्या में महादेव के श्रद्धालु यहां पहुंचने लगते हैं। इस बार भी बड़ी संख्या में लोग कुबरेश्वर धाम पहुंचने लगे हैं। रुद्राक्ष वितरण के लिए चाक चौबंद व्यवस्था की गई है। श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना न करना पड़े, इसके लिए 9 काउंटर बनाए गए हैं। एक विशेष काउंटर दिव्यांग लोगों के लिए है। श्रद्धालुओं को लाइन में लगाकर रुद्राक्ष दिए जा रहे हैं। उनके हाथ में वोटिंग जैसी अमिट स्याही लगाई जा रही है ताकि एक व्यक्ति को एक ही रुद्राक्ष मिले। पेयजल, शौचालय सहित सभी व्यवस्थाएं -कुबरेश्वर महादेव मंदिर में शिव महापुराण के अभिमंत्रित रुद्राक्ष का वितरण शिव चतुर्दशी से किया गया है।

## हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में निःशुल्क योग प्रशिक्षण कार्यक्रम

**पीथमपुर।** वार्ड क्रमांक 5 के हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी में स्थित



कम्युनिटी हॉल में शाही अखाड़ा फाउंडेशन तथा वार्ड क्रमांक 5 के भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सुबह 6:00 बजे योग शिविर का आयोजन किया गया थाा। भाजपा पार्षद अशोक पटेल रोहित मेवाड़ा ललित पाटिल नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पुलिस अधीक्षक तारुणेंद्र सिंह बघेल द्वारा योग प्रशिक्षण दिया जाता है । निशुल्क शिविर लगाए जाते हैं । रहवासी भाग लेते हैं । रोजाना नगर पुलिस अधीक्षक कार्यालय विकास भवन पर भी निशुल्क योग प्रशिक्षण दिया जाता है। पीतमपुर में कई जगह निशुल्क शिविर लगाए गए हैं जिसका लाभ आमजन को मिला है। धार पुलिस विभाग कि इस सराहनीय पहल का आम नागरिक स्वागत कर रहे हैं

## नागरी लिपि परिषद द्वारा राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन 25 को

**नागदा( निप्र )।** नागरी लिपि परिषद द्वारा आगामी 25 मई गुरुवार को सायं 4 बजे राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन विषय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के हिंदी भाषा एवं नागरी लिपि को योगदान संदर्भ में आयोजित की जावेगी। आज जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि राष्ट्रीय नागरी लिपि परिषद नई दिल्ली इकाई मध्य प्रदेश द्वारा आगामी 25 मई गुरुवार को सायं 4:00 बजे श्री मध्य भारत हिंदी साहित्य समिति शिवाजी भवन इंदौर में राष्ट्रीय संगोष्ठी जिसका विषय राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का हिंदी भाषा एवं नागरी लिपि को योगदान है का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी प्रदेश संयोजक डॉ. प्रभु चौधरी ने देते हुए बताया कि संगोष्ठी के मुख्य अतिथि श्री हरेराम वाजपेई अध्यक्ष हिंदी परिवार इंदौर, विशिष्ट अतिथि श्री त्रिपुरारी लाल शर्मा अध्यक्ष अखिल भारतीय साहित्य परिषद मालवा प्रांत एवं मुख्य वक्ता डॉक्टर शैलेंद्र कुमार शर्मा हिंदी विभागाध्यक्ष एवं कुलानुशासक विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन रहेंगे।

## आम रास्ते पर अवैध निर्माण हटाए जाने की क्षेत्रवासियों ने की मांग

**सीहोर।**

सीहोर मुख्यालय की तहसील श्यामपुर के विष्णु चक्रवर्ती, पर्वत सिंह, मुन्ना खत्री, मुकेश कुमार, आशीष राय निवासी भोपाल रोड श्यामपुर बस स्टैण्ड वार्ड नम्बर 16 के क्षेत्रवासियों ने कलेक्टर, एसडीएम को समाज सेवी कमलेश दोहरे के साथ पत्र प्रेषित कर अवगत कराया कि छ: फिट का आम रास्ते पर राय सिंह दांगी, राकेश दांगी आ0 हमीर सिंह दांगी के द्वारा अतिक्रमण कर अवैध रूप से मकान का निमार्ण कर लिया है, पुरे रास्ते को अवरूद्ध कर दीवार उठाकर शटर लगवा दी गई।

जिसके कारण कालोनी में रहने वाले लगभग 200 परिवारों का रास्ता बन्द हो गया है। यह रास्ता सार्वजनिक था उक्त रास्ते पर अवैद्य निर्माण कर बिना किसी सूचना के रास्ता रोक दिया गया है। क्षेत्रवासियों द्वारा विरोध किया गया तो लड़ाई करने के लिये उतारू है।

उक्त घटनाक्रम के विषय में क्षेत्रवासियों द्वारा श्यामपुर थाने में आवेदन भी दिये गये लेकिन कोई उचित कार्यवाही नही होने पर गुरुवार को कलेक्टर व एसडीएम के नाम पत्र प्रेषित कर किये गये अतिक्रमण को हटाकर आम रास्ते को स्वतंत्र कराये जाने की मांग की है। इस मौके पर समाज सेवी कमलेश दोहरे, अनुराग, पर्वत सिंह, धर्मेन्द्र, आशीष, मुन्ना, घनश्याम सिंह अंकित, प्रभा, कोमल, राजू देवी, सुशीला सहित क्षेत्रीय महिला-पुरुष उपस्थित रहे।

## लंबित सीएम हेल्पलाईन तथा आवेदनों के निराकरण में लाएं तेजी: कलेक्टर

**रायसेन।**



**कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जिला स्तरीय वीडियो कॉफ्रेंस में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा मुख्यमंत्री जनसेवा अभियान 2.0, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना, सीएम हेल्पलाईन की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए गए।**

उन्होंने तहसीलवार जनसेवा अभियान अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा के दौरान निराकरण की धीमी प्रगति पर घोर नाराजगी व्यक्त करते हुए अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ शिकायतों का निराकरण कराने के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि जनसेवा अभियान 2.0 का उद्देश्य विभिन्न विभागों की चिन्हांकित 67 सेवाओं के लंबित, नवीन आवेदनों तथा सीएम हेल्पलाईन शिकायतों का त्वरित निराकरण करना है। सभी कार्यालय, वार्ड और ग्रामों में जनसेवा अभियान के शिविर विधिवत आयोजित कराते हुए नागरिकों को सेवा प्रदाय की जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता ना बरती जाए। सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, सीएमओ सहित अन्य खण्ड स्तरीय अधिकारी प्रतिदिन आवेदनों के निराकरण की समीक्षा करें।

उन्होंने राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान सीमाकंन, नामांतरण, बंटवारा, खसरा-खतौनी, जाति प्रमाण पत्र सहित अन्य सेवाओं के आवेदनों तथा सीएम हेल्पलाईन शिकायतों की समीक्षा कर दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही अपर कलेक्टर श्री वृंदावन सिंह को भी जिला स्तर पर प्रतिदिन आवेदनों के निराकरण की मॉनीटरिंग के लिए कहा। राजस्व विभाग की समीक्षा के दौरान जनसेवा अभियान अंतर्गत तहसीलवार लंबित शिकायतों के बारे में जानकारी दी गई कि आज दिनांक तक गौहरगंज में 68 आवेदन, बाड़ी में 62, रायसेन में 53, सिलवानी में 54, उदयपुरा में 53, बरेली में 38, देवरी में 33, गैरतगंज में 17, बेगमगंज में 23 तथा सुल्तानपुर में 10 आवेदन लंबित हैं। कलेक्टर श्री दुबे ने सभी एसडीएम तथा तहसीलदारों को इन आवेदनों को शीघ्र निराकृत कराने के निर्देश दिए।

इसी प्रकार पंचायत विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने जनपदवार संबंधित जनपद सीईओ से सीएम हेल्पलाईन, लंबित आवेदन और उनके निराकरण संबंधी जानकारी लेते हुए निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि बेगमगंज जनपद पंचायत अंतर्गत 52 आवेदन लंबित हैं, जिनका निराकरण कराया जा रहा है। इसी प्रकार गैरतगंज जनपद अंतर्गत 50 आवेदन, सिलवानी जनपद अंतर्गत 52, सांची अंतर्गत 39, गौहरगंज जनपद अंतर्गत 32 आवेदन लंबित हैं। जिनका निराकरण कराया जा रहा है।

वीसी में कलेक्टर श्री दुबे द्वारा स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सभी बीएमओ, नगरीय विकास अभिकरण की समीक्षा के दौरान सीएमओ से लंबित आवेदनों की संख्या और निराकरण संबंधी कार्यवाही की जानकारी ली। इसी प्रकार महिला बाल विकास विभाग अंतर्गत जन्म प्रमाण पत्र बनाए जाने, लाड़ली बहना योजना अंतर्गत प्राप्त आपत्तियों के निराकरण संबंधी जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए गए।

## आज किया जाएगा नौ दिवसीय श्रीराम कथा का भव्य समापन

**सीहोर।** भगवान के प्रति इंसान के मन में श्रद्धा, भक्ति व समर्पण का भाव होना चाहिए। यदि इंसान के मन मे भगवान के प्रति श्रद्धा, भक्ति व समर्पण नहीं है तो ऐसा व्यक्ति आस्तिक नहीं हो सकता है। आवश्यकता इस बात की है कि मानव भगवान के प्रति समर्पित रहे। वर्तमान में मानव स्वयं के द्वारा किए जा रहे गलत आचरण के कारण दुखी है। उक्त विचार शहर के बस स्टैंड स्थित गीता मानस भवन में जारी नौ दिवसीय श्रीराम कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए संत उद्धवदास महाराज ने कहे। उन्होंने कहा कि भगवान प्रेम के भूखे हैं। राम केवट संवाद का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान राम केवट के समीप आए। गंगा जी का किनारा भक्ति का घाट है और केवट भगवान का परम भक्त है।